प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना, 660 करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण, रखेंगे आधारशिला।
2. श्री मोदी पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत झारखंड के बीस हजार लाभुकों को प्रदान करेंगे आवासों का स्वीकृति पत्र।
3. जमशेदपुर के लिए रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, झारखंड के तेज विकास के लिए कृत संकल्पित है केंद्र सरकार।
4. जमशेदपुर समेत रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने 70 किलोमीटर घंटे की रफ़्तार से हवाएं चलने की जतायी संभावना, रेड अलर्ट किया जारी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज टाटानगर रेलवे स्टेशन से टाटानगर–पटना वंदेभारत ट्रेन सहित छह वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना करेंगे। इनमें ब्रह्मपुर–टाटानगर, राउरकेला–हावड़ा, देवघर–वाराणसी, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा ट्रेन शामिल हैं। श्री मोदी छह सौ साठ करोड़ रूपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण करेंगे। इनमें मधुपुर बाईपास रेल लाइन, हजारीबाग टाउन रेल कोचिंग डिपो और चार रेल अंडर ब्रिज भी शामिल हैं। वे टाटानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के बीस हजार लाभार्थियों को स्वीकृति–पत्र भी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री के झारखंड आगमन का स्वागत किया है। जमशेदपुर के लिए रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा है कि झारखंड के तेज विकास के लिए केंद्र सरकार कृत संकल्पित हैं। उन्होंने लिखा है कि आज वे प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभार्थियों से जुड़े कार्यक्रम का भी हिस्सा बनेंगे। इधर, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री पांच करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि 46 हजार लाभार्थियों के नवनिर्मित घरों का गृह–प्रवेश कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जनसभा को सम्बोधित करने से पहले लगभग डेढ़ किलोमीटर का रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

****

हमारे जमशेदपुर संवाददाता ने खबर दी है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

****

आज से शुरू हो रही छह नई वंदे भारत ट्रेनों में से दो धनबाद होकर गुजरेंगी।

****

मौसम विभाग ने आज जमशेदपुर समेत रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा समेत आसपास के हिस्सों में तेज हवा के साथ भारी बारिश की प्रबल संभावना जताई है। इसे लेकर इन सभी जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं चल सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ जिलों में 200 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है। श्री आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में गहरे दवाब का क्षेत्र बनने के कारण अगले दो दिनों तक राज्य में बारिश होने की संभावना है।

साउंड बाइट – अभिषेक आनंद – 13 सेकेंड

****

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।

****

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। श्री मोदी ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – प्रधानमंत्री टाटा से आज छब्बीस लाख को देंगे घर, दस लाख लाभुकों को आवास निर्माण के लिए जारी करेंगे पहली किस्त।

दैनिक भास्कर ने जोरदार बारिश में भी दिखी करम पर्व की भव्य छटा, बहनों ने भाइयों के लिए रखा व्रत को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण ने बरकट्ठा से विधायक अमित यादव और पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

प्रभात खबर लिखता है झारखंड में अट्ठाईस हजार दो सौ नवासी नियुक्तियां फंसी हैं रिजल्ट के इंतजार में, अभ्यर्थी हो रहे हैं परेशान।

*******समाप्त*******